# घोरावाड़ी के हर घर में पहुंचा जल

## जल जीवन मिशन ने किया जल संकट दूर, ग्रामीण खुश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकासखण्ड चौरई का ग्राम घोरावाड़ी, जो कभी पानी की भारी किल्लत से जूझता था, आज हर घर में नल से जल मिलने की सुविधा के साथ एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। यह परिवर्तन जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए कार्यों का प्रतिफल है, जिसने ग्रामवासियों की दिनचर्या और जीवनशैली दोनों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार घोरावाड़ी ग्राम की जनसंख्या 1276 है, जिसमें 284 परिवार निवास करते हैं। ग्राम तहसील चौरई से 15 कि.मी. और जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा से 50 कि.मी. दूर स्थित है।

पहले ग्रामवासी पानी की कमी से बेहद परेशान थे। उन्हें दूर-दूर जाकर जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता था। महिलाएँ सुबह से ही कतार लगाकर घंटों पानी भरती थीं, जिससे उनका बहुत सा समय और ऊर्जा व्यर्थ होती थी। गर्मी, सर्दी और बरसात के मौसम में यह परेशानी और भी बढ़ जाती थी।

जल जीवन मिशन के तहत विभाग द्वारा गाँव में पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक नल कनेक्शन दिया गया। अब प्रत्येक परिवार को अपने घर पर ही शुद्ध पेयजल मिलने लगा है। महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या खत्म हो गई है। अब वे घर के कार्यों के साथ कृषि, मजदूरी और बच्चों की देखभाल के लिए भी समय निकाल पा रही हैं।

गांव की ममता बंदेवार ने बताया कि पहले पानी के लिए बहुत परेशान होना पड़ता था। कई बार झगड़े भी हो जाते थे। सुबह से जाकर नंबर लगाना पड़ता था। अब घर में ही नल से जल मिलने से जीवन आसान हो गया है। पानी को लेकर होने वाले लड़ाई-झगड़े भी खत्म हो गए हैं।



गांव की धनवंती बंदेवार ने भी बताया कि पहले सुबह-सुबह पानी के लिए निकलना पड़ता था, अब घर में नल लग गया है, समय बचता है, सुविधा बड़ी है। अब हम घर के कार्य अच्छे से करने लगे हैं, समय की बचत होने लगी है। हम हर महीने जल कर राशि देते हैं, ताकि यह सुविधा ऐसी ही हमेशा बनी रहे। इस सुविधा के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया है।

# सेवानिवृति पर बिजली कर्मचारी का विदाई समारोह



**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा निवासी बिजली कर्मचारी भुवनेश्वर कुमार चौरसिया 24 साल की उम्र में बिजली विभाग में पदस्थ हुए थे और इन्हें बिजली कर्मचारी बनने का मौका मिला। लगातार 38 साल 15 दिन की नौकरी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया। इन्होंने बिजली विभाग में नौकरी कर अपने सारे कर्तव्यों का निर्वहन किया। आज इनकी ईमानदारी और लगनता के साथ कार्य करने के दौरान और 62 साल की उम्र पूर्ण होने पर यह आज सेवानिवृत हुए जिसके चलते सिवनी विद्युत विभाग के कार्यालय पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा रखा गया।

इस अवसर पर बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता निजाम सिंह लोधी ने विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान अपने वक्तव्य में कहा कि भुवनेश्वर चौरसिया बड़े ही ईमानदार और कुशलता के धनी व्यक्ति है इन्होंने हमेशा अपने कार्यो को बहुत लगनता से किया है साथ ही 38 साल का कार्यकाल बड़े ही सहज सरल और चुनौती पूर्ण तरीके से बिताया हमें इनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है जो आज की पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है। सभी कर्मचारियों ने फूल मालाओं के साथ तिलक लगाकर इनका स्वागत किया। इन्हें स्मृति चिन्ह के साथ शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अधीक्षण अभियंता निजाम सिंह लोधी, कार्यपालन अभियंता सुरेन्द्र नाथ शर्मा, अरुण कुमार वैद्य, रंजीत रंगारी, दीपक वर्मा, गौरीशंकर शेनभक्त, मौसम, राम सनोडीया, प्रशांत सोलंकी सहित परिवार के पुष्पा चौरसिया, सुमित रिया चौरसिया, शिवम वैष्णवी चौरसिया, विनायक चौरसिया सभी आऊट सोर्स के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सड़क हादसों में जान बचाने वालों को मिलेगा 25 हजार का पुरस्कार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता पहुंचाने वाले सजग नागरिकों को अब सरकारी स्तर पर सम्मान और प्रोत्साहन मिलेगा। भारत सरकार की राह-वीर योजना के क्रियान्वयन के लिए जिले में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुसार इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के अंदर अस्पताल पहुंचाने वाले सजग नागरिकों को सम्मानित करना है। ऐसे राह-वीरों को प्रमाण पत्र के साथ 25,000/- रुपये की नगद राशि भी प्रदान की जाएगी।

जिला स्तर पर योजना की निगरानी एवं क्रियान्वयन हेतु गठित समिति में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सदस्य तथा जिला परिवहन अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है। यह समिति प्रत्येक माह पुलिस थानों एवं अस्पतालों से प्राप्त राह-वीर प्रस्तावों की समीक्षा करेगी और पात्र पाए गये व्यक्तियों के नाम अनुमोदित कर परिवहन आयुक्त को भुगतान के लिए भेजेगी।

### छिन्दवाड़ा जिले में अभी तक 195.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 195.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 170.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 01 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 30.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भ-अभिलेख ने बताया कि 01 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 41.2, मोहखेड़ में 23.4, तामिया में 31, अमरवाड़ा में 35, चौरई में 08, हर्रई में 99.6, बिछुआ में 9.2, परासिया में 24.2, जुन्नारदेव में 31.8, चांद में 3.6 और उमरेठ में 32.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 190.4, मोहखेड़ 224.9, तामिया में 157, अमरवाड़ा में 248.2, चौरई में 144.4, हर्रई में 287.2, बिछुआ में 122.2, परासिया में 137.6, जुन्नारदेव में 178.2, चांद में 166.7 और उमरेठ में 299 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### उप संचालक ने ली समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग छिंदवाड़ा डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा कल 01 जलाई 2025 को कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र इमलीखेड़ा में सभी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के कार्य प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार छिंदवाड़ा के समस्त पशु चिकित्सक एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को सेक्स सॉर्टेड सीमन से अधिक से अधिक कृत्रिम गर्भाधान करने के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही उप संचालक डॉ. पक्षवार द्वारा के.सी.सी. पशुपालन के आवेदन पूर्ण कर बैंकों में जमा कराने लक्ष्य के अनुरूप आवेदन बैंकों में जमा कराने व सभी विभागीय लक्ष्यों को शत.प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान सी.एस.एस. प्रभारी डॉ. सुजाता मेरावी एवं पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी छिंदवाड़ा डॉ. लोकेश बेलवंशी के साथ सभी संस्था प्रभारी उपस्थित थे।



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु :** मंगलवार को कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र इमलीखेड़ा में भू सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की कार्य प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक लेते उप संचालक डॉ. पक्षवार।

# लॉ कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में शासन के निर्देशानुसार 01 जुलाई से विधिवत तीन दिवसीय दीक्षारंभ का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. अकोदिया ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित किया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत सीनियर छात्रों द्वारा तिलक लगाकर किया गया, सीनियर छात्रों द्वारा महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के संबंध में अपने अनुभव सांझा किए गए और वीडियो प्रस्तुत करके महाविद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई और महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में डॉ. कमलाकर मोटघरे, डॉ. दमयंती कटरे, डॉ स्नेहा कुमारी, कमलेश चरपे, तरुण देशमुख, तरुण यादव, श्रीमती क्रीति कोबरे, श्रीमती ज्योति बाक्सर, अशोक यादव सहित सीनियर और जूनियर छात्र उपस्थित रहे। मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी राकेश कुमार कोष्टी द्वारा किया गया।

# रामचरित मानस की दी सुंदर प्रस्तुति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री तुलसी रामायण मंडल छोटी बाजार छिन्दवाड़ा के द्वारा ऊँटखाना में स्थित जितेन्द्र सोलंकी के निवास स्थान पर सोमवार की रात श्री रामचरित्र मानस का आयोजन किया गया जिसमे श्री तुलसी रामायण मंडल के सदस्यों ने श्री रामचरित्र मानस की सुन्दर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रात लगभग 9:30 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। सोमवार की रात हुई बारीश के बाद भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धार्मिक बंधु शामिल हुये। कार्यक्रम के दौरान श्री तुलसी रामायण मंडल के सदस्यों के द्वारा श्री रामचरित्र मानस के दोहे और चौपाई के साथ सुमधुर धुन के बीच कार्यक्रम की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। श्री रामचरित्र मानस की संगीतमय प्रस्तुति के बाद अंत में आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



# यातायात व्यवस्था सुधार हेतु बस आपरेटरों की बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 01 जुलाई को यातायात पुलिस छिंदवाड़ा एवं आर.टी.ओ. छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में बस ऑपरेटरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बस संचालकों को परमिट के अनुसार निर्धारित स्थलों पर ही बस खड़ी करने एवं निर्धारित स्टॉपेज के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर बस खड़ी न करने के सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि यदि किसी बस को निर्धारित स्टॉपेज के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर खड़ा किया जाता है या अनधिकृत रूप से बस स्टॉप का उपयोग किया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई एवं विधिसम्मत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक के दौरान सभी बस ऑपरेटरों को इस संबंध में लिखित नोटिस भी प्रदाय किए गए हैं, जिसमें नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कानूनी कार्यवाही की पूरी जानकारी दी गई है।यातायात पुलिस छिंदवाड़ा एवं ए.आर.टी.ओ. छिंदवाड़ा द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगेए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनहित में यातायात पुलिस छिंदवाड़ा सभी बस संचालकों एवं नागरिकों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# रोटरी क्लब ने किया रक्तदान शिविर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रक्तदान करने का जज्बा बारिश में भी देखते ही बनता था। रोटरी क्लब के रक्तदानियों के कदम बारिश ने भी नहीं रोक पाए। मौका था रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा अपनी नई टीम के द्वारा सेवाभावी कार्यों की शुरुआत एक जुलाई को रक्तदान महादान से करते हुए जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में पहुंच कर रक्तदान किया।

रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष विनोद तिवारी, सचिव निलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रूपल अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ रक्तदान जैसे पवित्र कार्य के लिए सुबह 9 बजे से रोटरी मेगा ब्लड डोनेट कैंप में रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर में सी.एम.एच.ओ. डॉक्टर नरेश गुन्नारे, रोटेरियन रीजनल कोडिनेटर रोटे. अर्पित नेमा, क्लब के पदाधिकारी रोटे. संदीप सिंह चंदेल, रोटे. दीपक खंडेलवाल, रोटे. मनोज अग्रवाल, रोटे. अरविंद अग्रवाल, रोटे. पंकज अग्रवाल, रोटे. विनीत पाटोदी, रोटे. नंदकिशोर डोडानी, शोभित मिगलानी, युवराज अल्डक, अमित मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन एवम समाजसेवियों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा की हम सभी रोटरी साथियों को रक्तदान महादान जैसे पवित्र कार्य करने का जो आज सुअवसर मिला है इसके लिए हम ईश्वर का शुक्रिया करते है आज रोटरी क्लब सदस्यो एवम उनके द्वारा मोटिवेट कर अन्य रक्तदानियो से रक्तदान करवाकर सेवा की मिसाल पेश की है। कल दोपहर तक लगभग 60 यूनिट रक्तदान किया गया है और आगे भी और रक्तदानी लोग आने की संभावना है।

इतनी बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर सुशील मल्होत्रा के आवाह्न पर जिले में रोटरी क्लब के नए सत्र की शुरुआत की गई है यह हर्ष की बात है कि आज रक्तदान शिविर में डॉक्टर डे एवम सी ए डे भी मनाया गया जिसमे सभी डॉक्टर्स को भी रोटरी क्लब द्वारा सम्मानित किया। सभी रक्तदानियों को रोटरी क्लब की और से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब के परिवार से कु. समीक्षा तिवारी, अद्वैत गुप्ता, प्रगण अग्रवाल ने पहली बार रक्तदान कर पुनीत कार्य किया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

रविन्द्र नाफड़े, सी.एम. राइज स्कूल के प्राचार्य अब्दुल हक खान, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक, डॉक्टर्स सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन साथियों ने रक्तदान कर साहस का परिचय दिया। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक से डॉक्टर रंजना टाडेकर, अभिकांत बेले, अनिल रघुवंशी सियाजी, कबीर जैन सहित पूरा स्टाप ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।




सी.एम.एच.ओ. एवम सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश गुन्नारे ने रोटरी क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा की आप सभी सेवा भावी रोटेरियन ने आज इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान किया है आप सभी प्रशंसा के पात्र है। इस अवसर पर रोटरी क्लब की और से सीएमएचओ श्री गुन्नरे पुष्प भेटकर डॉक्टर डे पर सम्मान किया गया।

मेगा रक्तदान शिविर में रोटरी क्लब के मेंबर डॉक्टर, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एन.एस. एस. के जिला संगठक रक्तदान शिविर में लता नागले, आशीष साहू, डॉक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा, नीलू अनिल तनेजा, आराधना शुक्ला, एडवोकेट डी.एस. चौरे, डॉक्टर मीरा पराड़कर, डॉक्टर यास्मीन, रविन्द्र राजपूत, सुनील मिगलानी, विजय शर्मा, दुर्गेश सहित अन्य जन उपस्थित थे। रोटरी क्लब के मेगा रक्तदान शिविर के समापन पर क्लब के सचिव निलेश गुप्ता ने सभी रोटेरियन साथियों एवम समस्त सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# छिंदवाड़ावासी संजय भारद्धाज ने की अंगदान और देहदान की घोषणा

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** मैं संजय भारद्वाज पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर भारद्वाज जिला छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश अपनी स्वइच्छा से घोषणा करता हूं कि मेरे मृत्यु के उपरांत मेरे शरीर के वह 16 आर्गन जो मृत्यु के पश्चात कुछ समय जीवित रहते हैं। उन्हें निकाल लिया जाए और उन जरूरतमंद 16 लोगों को वितरण किया जाए। जिससे 16 लोगों को नया जीवन मिल सके। साथ ही मेरी मृत्यु के पश्चात में अपना देहदान भी मेडिकल कॉलेज को स्वेच्छा से देना चाहता हूं।



जिला प्रशासन इस दिशा में जो भी आवश्यक फॉर्म हो वह मुझे से भरवा सकता है। मेरे 16 अंग और देहदान किसी भी एनजीओ के माध्यम से नहीं करूंगा जिला प्रशासन प्रदेश प्रशासन के माध्यम से ही देना पसंद करूंगा। क्योंकि जिले में मैंने देखा है समाज सेवा के नाम पर एनजीओ के लोग मानव शरीर के अंगों की तस्करी करते हैं जो उचित नहीं है।

अभी जिले में जिन लोगों ने आंखें मृत्यु उपरांत दान की हैं। वह किसी को भी पता नहीं कि किसको दिया है मगर मैं अपने परिवार के लोगों को यह जानने का अधिकार दूंगा कि मेरे 16 अंग और मेरा देह दान जो किया गया है। उसका उपयोग किस मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है इसकी पूरी जानकारी मेरे परिवार को होना चाहिए।

# चार शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** थाना प्रभारी कोतवाली आशीष धुर्वे ने चार आरोपियों को दो मोटर सायकल सहित गिरफ्तार कर लिया है। ये संगठित होकर अपराध को अंजाम दिया करते थे जिन्हें धर दबोचा गया है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि :-

30 जून 2025 को प्रार्थी विकाश बघेल पिता भवानी बघेल उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 11, बीएसएनएल आफिस के पीछे, वनगांव चौकी धरमटेकडी थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाड़ा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 28 जून 2025 को रात्रि करीबन 11:15 बजे इसकी मोटर सायकल टी.व्ही.एस. स्पोर्ट क्रमांक एम.पी.-28 जेड बी-1970 को पाटीदार रजवाड़ी चाय की दुकान बस स्टेण्ड छिन्दवाडा के पास से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया जिसको आसपास तलाश किया जो नहीं मिली है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 379/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के द्वारा जिले से समस्त थाना/चौकियों को अपराधी की धरपकड एवं नाकाबंदी कर तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया एवं अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के



मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली की पुलिस टीम के द्वारा लगातार घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी. केमरा को खंगाला गया।

मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा सायबर सैल की मदद लेते हुए सी.सी.टी.व्ही. फुटेज मे आये संदिग्ध दुर्गेश रंगारे की तलाश पतासाजी उसके मिलने के संभावित स्थानो पर करी जो दुर्गेश रंगारे दिन दयाल पार्क मे अपने साथी हिमांशु भलावी के साथ मिले

## गिरोह बना कर करते थे चोरी, सीसीटीवी फुटेज में दिखे संदिग्ध से पूछताछ में खुला मामला

जिससे घटना के संबंध मे पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी हिमांशु भलावी, सुमित पाटिल एवं अन्य बाल अपचारी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से गिरोह बनाकर उक्त प्रकरण मे चोरी गई मोटर सायकल चोरी करना बताया एवं दिनाँक 20 जून 2025 को ग्राम जैतपूर खुर्द से एक मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स भी चोरी करना बताये जो प्रकरण के अन्य आरोपी सुमित पाटिल और बाल अपचारी को पकड़कर प्रकरण मे चोरी गई मोटर सायकल टी.व्ही.एस. स्पोर्ट क्रमांक एम.पी.-28 एम.एल.-1970 एवं ग्राम जैतपुर से चोरी गई मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स क्रमांक एम.पी.- 28 जेड बी 7235 जप्त कर प्रकरण में संगठित गिरोह की धारा का इजाफा कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

महत्वपूर्ण भूमिका

आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, स.उ.नि. ब्रिजेश रघुवंशी, स.उ.नि. भगवत प्रसाद तिवारी, प्र. आर. 415 संतोष उड़के, आर. 67 शैलेंद्र राजपूत, आर. 720 अमित तोमर, आर. 219 विकास वैस, सायबर सैल प्र.आर नितिन सिह, आर. आदित्य रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन्हे पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा द्वारा पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# थोटामाल पी एम श्री एकीकृत शाला में छात्रों एवं पालकों ने किया प्रदर्शन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिछुआ आदिवासी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत थोटामाल में पीएम श्री एकीकृत शासकीय स्कूल थोटामाल पर परिजन एवं बच्चों द्वारा गेट पर ताला बंद करके प्रदर्शन किया गया।

बच्चों एवं परिजनों की मांग है कि प्रभारी प्राचार्य राजू पाटिल का स्थानांतरित रोका जाए एवं साथ ही उन्हें इसी स्कूल में नियमित रूप से रखा जाए। जब तक राजू पाटिल प्राचार्य का स्थानांतरित रुक नहीं जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा, कहते हुए एक जुलाई को छात्र और उनके परिजन तालाबंदी कर स्कूल के बाहर प्रदर्शन करते रहे की जानकारी स्थानीय लोगों ने छायाचित्र के साथ जानकारी साझा की है। बता दें कि यह क्षेत्र पूरा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और शिक्षको के ट्रांसफर बिना शिकायत के अनायास अनेक क्षेत्रों में कर दिए गए है जो कि शिक्षक अच्छा परिणाम भी दे रहे थे इसलिए पालक और छात्र दोनों मिलकर आंदोलन की राह अपनाई है।

*सार समाचार*

## 495 इंस्सपायर अवार्ड लेकिन उत्कृष्ट विद्यालय से एक छात्र ?

**उमरानाला, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले में 495 इंस्पायर अवार्ड लेकिन उत्कृष्ट विद्यालय ने 495 में से एक बच्चा प्रदर्शनी में शामिल होगा, जिसके मार्गदर्शी टीचर सुशील चौरसिया है ओर उन्हें स्कूल से हटा दिया गया है। खास बात तो ये है कि इस विद्यालय की सही जानकारी जिला कलेक्टर को दी ही नहीं जा रही है जिस तरह छात्रों के लिए उत्कृष्ट प्रवेश चयन परीक्षा होती है, ठीक उसी तरह शिक्षकों के लिए भी उत्कृष्ट शिक्षक चयन परीक्षा लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा आयोजित की जाती है। विगत वर्षों में शिक्षक चयन परीक्षा में जो शिक्षक उत्तीर्ण होकर अपना काम पूरे समर्पण भाव और ईमानदारी से करते है मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में विद्यार्थियों को ला रहे है वहीं उपेक्षा का शिकार हो रहे है।

मध्य प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना लैपटॉप के लिए 25000 अधिकाधिक बच्चों को गौरव दिलाने वाले शिक्षक को उत्कृष्ट विद्यालय से हटा दिया गया, वो भी गलत जानकारी देते हुए। प्राचार्य के रिटायरमेंट के बाद कुछ शिक्षकों की यथा स्थिति और वर्चस्व बना रहे यह बात इसलिए प्रकाश में आई क्योंकि जब गंभीरता से इस विषय की पड़ताल की गई तो यह पाया गया की उत्कृष्ट विद्यालय में तो ऐसे अधिकांश शिक्षक हैं जिन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षक चयन परीक्षा पास ही नहीं की है उनमें से प्रमुख नाम प्रभात सोनी, अरुण भादे का आता है और यहां यह बात भी स्पष्ट करना जरूरी है कि उत्कृष्ट विद्यालय में जिन्होंने कभी विद्यालय समय पर नहीं आने का रिकॉर्ड बना रखा है जिसका प्रमाण उत्कृष्ट विद्यालय के सीसीटीवी कैमरे गवाही दे रहे हैं और ऐसे ही टीचर स्कूल के कर्ताधर्ता बने बैठे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि उत्कृष्ट विद्यालय में किसी भी आयोजन प्रतियोगिता गतिविधि को करने के लिए पूरा स्टाफ सहयोग करता है लेकिन सभी कार्यों के लिए एक ही व्यक्ति को प्रोजेक्ट किया जाता है जिस पर उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य की विशेष अनुकंपा बनी हुई है। स्टाफ मेंबरों का तो यहां तक कहना है कि यदि गंभीरता ओर निष्पक्षता से जांच हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। इन पर प्राचार्य की विशेष कृपा दृष्टि इसका कारण बनी हुई है ऐसी उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में चर्चा है।

## भूमि का सीमांकन होने के बाद बोनी करने गई महिला के साथ मारपीट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्रीमती सरस्वती यादव पति राकेश यादव निवासी- बाबू लाईन वार्ड नंबर 12, परासिया, तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा शिकायत कर बताया कि उनके द्वारा मौजा ग्राम धनोरा गुसाई छिंदवाड़ा में स्थित भूमि कुल रकबा 2.529 हेक्टेयर भूमि क्रय कर उसका विधिवत सीमांकन आदेश तहसीलदार छिंदवाड़ा ग्रामीण- 4 के आदेश क्र. रा.प्र.क्र./0007/अ-12/2024-25 छिंदवाड़ा दिनांक 27 मई 2025 को कर 14 मई 2025 को होने के बाद कब्जा प्राप्त कर 8 जून 2025 को उक्त भूमि पर फसल की बोनी कर चुकी थी। इसी दौरान अनावेदकगणों रूपेश यादव पिता महेश यादव, गोविन्दा डेहरिया, मनोज पाल, आनंद कटारिया सभी निवासी- मु.पो. सिहोरा माल, थाना तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा द्वारा आकर गाली-गलौच, एवं अश्लील छेड़छाड़, लाठी, डंडो से जानलेवा हमला किया जिसकी शिकायत पीड़िता द्वारा थाना कुण्डीपुरा में की गई परंतु थाने में पीड़िता की बात न सुनते अपने मन से ही अनावेदकगणों के विरूद्ध सामान्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया और अनावेदकगणों से सांठ-गांठ कर पीड़ित महिला एवं उसके साथ बोनी करने गये सभी लोगों के विरूद्ध झूठा प्रकरण दर्ज जबरन जेल भिजवया गया, इसके बाद एक दिन जेल में रहने के बाद महिला जमानत पर रिहा हुई। पीड़िता ने इसके विरूद्ध कल दिनांक 01 जुलाई 25 को पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा से आवेदन देकर उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

## यूनिक इंटरनेशनल स्कूल में हुआ छात्रों का प्राथमिक चिकित्सा परीक्षण

**परासिया, देशबन्धु।** यूनिक इंटरनेशनल स्कूल परासिया में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में प्राथमिक चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. बकुल बलिया दंत चिकित्सक, डॉ. अंकित परमार, आहार विशेषज्ञ एवं डॉ. निवेश गौतम सिद्धार्थ कुशवाहा, नेत्र प्रकाश विशेषज्ञ द्वारा स्कूल के समस्त छात्रों का प्राथमिक उपचार परीक्षण किया गया।

## बृजभूषण तिवारी का निधन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा में सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण तिवारी के पिता बृजभूषण तिवारी का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार आज 11 बजे मोक्षधाम में होगा।

# हिवरावासुदेव के ग्रामीण पहुंचे अपनी समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गेल इण्डिया लिमिटेड की पाइप लाइन नागपुर से जबलपुर तक डाली जा रही है जिसमें हमारा ग्राम हिवरावासुदेव और बाकी चार गांव भी इसमें सम्मिलित है। तहसील मोहखेड़ जिला छिंदवाड़ा में किसानों के साथ मुआवजा के भुगतान में कुछ कमी किसानों महसूस हो रही थी जिसके लिए आवेदन 04 नवम्बर 2024 को आवेदन दिया गया था। लेकिन अभी के गेल इण्डिया लिमिटेड के किसी भी कर्मचारी द्वारा हमसे मिला नहीं गया। इसलिए हमको कार्य को अवरूद्ध करने के लिए हिवरावासुदेव रोड पर समस्त किसानों को आना पड़ रहा है। उस समय पर गेल के अधिकारियों के द्वारा अंकित राव मराठा, विनित तिवारी एवं उमरानाला चौकी प्रभारी पारस आर्मो एस.आई. के द्वारा गेल प्रतिनिधि जगन्नाथ गेल के द्वारा हमको आश्वासन दिया गया। कि हमको 20 फरवरी 2025 तक आपको मुआवजा प्रदान किया जावेगा। किन्तु दिनांक 04 मार्च 2025 तक मुआवजा प्रदान नहीं किया गया। लेकिन हम म.प्र. शासन छिन्दवाड़ा कलेक्टर शासन को बताता चाहते है कि गेल इण्डिया लिमिटेड के द्वारा ना राजस्व विभाग में वृक्षों एवं पौधों को काटने की अनुमति कलेक्टर के द्वारा नहीं दी गई है। अगर अनुमति दी गई है तो उस अनुमति की छायाप्रति हमें प्रदान की जावे। संलग्न तारीख के साथ। एवं बहुत से किसानों के खेत में सागौन, फलदार वृक्ष जैसे आंम, महुआ, जामुन, निब्बू, सीताफल आदि वृक्ष को काटा गया है। हम साक्षात इसका पंचनामा भी करावा सकते है।

इस संबंध में कलेक्टर से निवेदन है कि गेल इण्डिया लिमिटेड को वृक्ष, पेड़.पोधे काटने की अनुमति दी गई हो तो कृपा हम किसानों को कलेक्टर से निवेदन है इस छायाप्रति दी जाने की कृपा करें। कलेक्टर से यह भी निवेदन है कि हम किसानों को सभी फसलों का सही रेट एवं उपजाको साथ मुआवजा दिलवाया जावे ताकि हम किसानों की क्षतिपूर्ति हो सके। और यदि अनुमति नहीं दी गई है तो संबंधितों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जावे ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति इस तरह के पेड़ों को बिना अनुमति के काटने का साहस न कर सके।

# लोक निर्माण विभाग ने छिन्दवाड़ा-पांढुर्णा जिले के विभिन्न स्थानों पर किया पौधरोपण





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग द्वारा कल प्रदेश स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें लोक निर्माण विभाग के समस्त स्टाफ द्वारा छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थित विभिन्न स्थान जैसे विश्राम भवन व विश्राम ग्रह मार्गों पर लगभग 1200 पौधे लगाये गए। छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिलों के विभिन्न स्थानों पर कार्यपालन यंत्री आकाश खरे, सभी अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री एवं समस्त स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया।



# इलेक्शन सुपर वायजर की सेवानिवृति पर सहकर्मियों द्वारा दी गई विदाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 30 जून को इलेक्शन सुपर वाईजर के सेवानिवृत्ति पर सुधाकर कोल्हे को कलेक्टर कार्यालय के सहकर्मियों द्वारा उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई उनके साथ लैब असिसटेंट दशरथ यादव, भृत्य रमेश पाल को भी बिदाई दी गई तथा उनके कार्यो की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर चंद्रशेखर बंसोड़, सतीश गोंडाने, श्री उईके, श्रीमती सुधा शुक्रा, सुधीर गाकरे, श्री मण्डराह, भीमराज अहिरवार, वीजेन्द्र लाजरस, डॉ. पी.एन. सनेसर, राजेश कुमार महोबिया, तरूण सनोडिया, आशीष वर्मा, नीजेश चौरे, दीपक वर्मा, कैलाश कहार आदि अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित थे। अंत में संचालन और आभार प्रदर्शन स्थापना प्रभारी सतीश गोंडाने द्वारा आभार प्रदर्शन कर घर तक छोड़ा गया।

# जन सुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं का किया निराकरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 168 आवेदकों की समस्यायें सुनी।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।



कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम गौरपानी के रमेश सरयाम ने अनावेदक से अपनी भूमि का कब्जा दिलाने, ग्राम पंचायत कोल्हिया के सरपंच ने सांसद निधि मद से कार्यालय ग्राम पंचायत कोल्हिया में चौपाल निर्माण कार्य की व्दितीय किश्त की राशि दिलाने, ग्राम लहगडुआ के नारायण बघेल ने आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की।

ग्राम चावलपानी की श्रीमती पूजा सागरे ने ग्राम में आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्ति दिलाने, ग्राम खैरीभोपाल के महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नंबर- 09 के उमेश कुमार डेहरिया ने निवासरत मकान का पट्टा प्रदान करने, ग्राम सोनाखार के गनेशलाल ने जमीन का नक्शा सुधार कराने, परासिया के वार्ड नंबर-21 की संगीता वर्मा ने स्कूल से बच्चे का शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिलाने, ग्राम पांजरा की अंजली कटारिया ने शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय पांजरा में सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दिलाने, ग्राम पंचायत ढाकरवाड़ी के ग्राम निमोटी के रमेश पाल ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने व राजेन्द्र यदुवंशी ने ग्राम निमोटी की प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला परिसर में बाउंड्रीवॉल बनवाने के लिए आवेदन दिया।

ग्राम नोलाखापा की श्यामवती बानवंशी ने सीमांकन का आवेदन निरस्त कराने, ग्राम कौआझिरी के गुरूप्रसाद ने अनावेदकों द्वारा भूमि पर किये गये अवैध कब्जा हटाने, ग्राम उमरिया की मीरा नागवंशी ने आंगनवाड़ी सहायिका पद पर नियुक्ति बहाल करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन व डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।